Rapid Fire करेंट अफेयर्स (01 April)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-april-01

pslv

श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 1 अप्रैल की सुबह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के प्रक्षेपण यान PSLV C-45 ने **एमिसैट सैटेलाइट** (EMISAT) लॉन्च किया। इसे सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा (Sun Synchronous Polar Orbit) में स्थापित किया गया तथा इसके साथ 28 विदेशी नैनो उपग्रहों को अलग-अलग कक्षाओं में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। अमेरिका के 24, लिथुआनिया के दो और स्पेन व स्विट्जरलैंड के एक-एक उपग्रह को तीन अलग-अलग कक्षाओं में स्थापित करने के लिये नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया। इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस सैटेलाइट (एमिसैट) का प्रक्षेपण DRDO के लिये किया गया है, जिसका उद्देश्य देश की सीमाओं पर इलेक्ट्रॉनिक या अन्य किसी तरह की मानवीय गतिविधियों पर नज़र रखना है। साथ ही यह सीमाओं पर तैनात दुश्मनों के राडार और सेंसर पर भी निगाह रखेगा।

- दो सरकारी बैंकों- **विजया बैंक और देना बैंक** का बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय 1 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। इन दोनों बैंकों के विलय के **बाद बैंक ऑफ बड़ौदा** देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक बन गया है। विलय के बाद विजया बैंक और देना बैंक की सभी शाखाएं बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं के रूप में काम करने लगी हैं। आपको बता दें कि हाल ही में केंद्र सरकार ने अतिरिक्त खर्च की भरपाई के लिये बैंक ऑफ बड़ौदा को 5042 करोड़ रुपए देने का निर्णय लिया था। विलय के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा का कारोबार 14.82 लाख करोड़ रुपए का होगा और यह भारतीय स्टेट बैंक और ICICI बैंक के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक बन जाएगा। इस विलय के बाद देश में सरकारी बैंकों की संख्या घटकर 18 रह गई है।
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने **आधार संख्या को पैन (PAN)** से जोड़ने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर, 2019 कर दी है। लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल, 2019 से आयकर रिटर्न दाखिल करते समय आधार संख्या का उल्लेख करना अनिवार्य होगा। आपको बता दें कि सरकार ने पिछले साल जून में कहा था कि हर व्यक्ति को 31 मार्च, 2019 तक अपनी बायोमेट्रिक पहचान वाली आधार संख्या को पैन के साथ जोड़ना अनिवार्य है। यह छठा मौका है जब सरकार ने पैन को आधार से जोड़ने की समय-सीमा बढ़ाई है। सरकार ने पिछले साल जून में हर व्यक्ति को 31 मार्च तक अपनी बायोमेट्रिक पहचान वाली आधार संख्या को पैन के साथ जोड़ने का निर्देश दिया था।
- चुनाव आयोग ने **मनरेगा** के तहत दी जाने वाली मजदूरी दरों को 1 अप्रैल से संशोधित करने की अनुमति मंत्रालय मंत्रालय ने **चुनाव आयोग** से मनरेगा के तहत श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी की दरें संशोधित करने की अनुमति मांगी थी।गौरतलब है कि मनरेगा के तहत भुगतान की गई मजदूरी को कृषि श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के साथ जोड़ा जाता है और नई मजदूरी दरें 1 अप्रैल को अधिसूचित की जाती हैं, क्योंकि इस दिन से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होती है।
- हाल ही में भारतीय नौसेना में यार्ड 2097 (LSU L- 56), **लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी (LCU) Mk- IV** छठी श्रेणी का जहाज़ शामिल किया गया। यह जहाज़ Garden Reach Shipbuilders & Engineers Ltd. द्वारा तैयार किया गया है। यह कोलकाता में Defence Public Sector Undertaking द्वारा तैयार किया गया 100वाँ जहाज़ है। इस लैंडिंग क्राफ्ट से सैनिकों, टैंकों और उपकरणों के परिवहन सहित भारतीय नौसेना की संचालन क्षमता भी बढ़ेगी, जो अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह से संबंधित होगी।
- चीन ने दावा किया है कि शंघाई **5G और गीगाबिट नेटवर्क**का इस्तेमाल करने वाला दुनिया का पहला ज़िला बन गया है। चीन की सरकारी कंपनी चाइना मोबाइल के सहयोग से यह परीक्षण किया गया। गौरतलब है कि 5G अगली पीढ़ी की सेल्यूलर प्रौद्योगिकी है, जो 4G की तुलना में 10 से 100 गुना तेज़ डाउनलोड स्पीड देता है। इसका आधिकारिक परिचालन शंघाई के हांगकोउ में शुरू किया गया, जहाँ पूरी तरह से कवरेज सुनिश्चित करने के लिये पिछले तीन महीने से 5G बेस-स्टेशन लगाए जा रहे थे।

- **ज़ुज़ाना कापुतोवा** (Zuzana Caputova) स्लोवाकिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं। पेशे से वकील ज़ुज़ाना **लिबरल प्रोग्रेसिव स्लोवाकिया पार्टी** की सदस्य हैं, जिसका वहाँ की संसद में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। आपको बता दें कि स्लोवाकिया एक ऐसा देश है जहाँ समलैंगिक विवाह और गोद लेने को अभी कानूनी मान्यता नहीं मिली है, लेकिन ज़ुज़ाना LGBTQ+ अधिकारों की प्रबल पक्षधर हैं। इस चुनाव में उनके प्रतिद्वंद्वी मारोस सेफ्कोविक **यूरोपीय आयोग** के उपाध्यक्ष हैं।